नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर म.प्र.

वेटेरिनरी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड हो रहे लेक्चर

जबलपुर (11/04/2020) नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में लॉकडाउन के चलते छात्रों की ऑनलाइन क्लासेस शुरू हो गईं हैं। ऑनलाइन क्लासेस के लिए वि.वि. की वेबसाइट पर बहुत से लैक्चर्स अपलोड किए जा चुके हैं। लॉकडाउन के दौरान छात्रों की पढ़ाई निरंतर जारी रहे इसके लिए ऑनलाइन क्लासेस शुरू की जा चुकी है। वी.यू. के माननीय कुलपति डॉ. एस.पी. तिवारी जी ने यूनिवर्सिटी के शिक्षकों को फेसबुक, यूट्यूब, जूम ऐप, आदि ऑनलाइन टूल्स की मदद से लाइव क्लासेस लेने के निर्देश जारी किए थे, जिनपर अमल किया जा चुका हैं। शिक्षकों द्वारा इन टूल्स का यूज करके स्टूडेंट्स को ऑनलाइन अध्यापन कराया जा रहा है ताकि स्टूडेंट्स की पढ़ाई का नुकसान ना हो। इस काम में वि.वि. की आईटी सेल द्वारा मदद की जा रही है।

2000 से ज्यादा डाउन लोड किये आरोग्य सेतु एप–

यू. जी. सी द्वारा समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों को आरोग्य सेतु एप डाउन लोड करने हेतु निर्देशित किया गया था, इस हेतु 2000 से ज्यादाआरोग्य सेतु एप डाउन लोड कर यू. जी. सी के विश्व विद्यालय मोनिटरिंग पोर्टल में जानकारी प्रेषित कर दी गई है ।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
न.दे.प.चि.वि.वि, जबलपुर म. प्र.